Newspaper : Denik Bhaskar
Edition: Patna | Date: 5th September, 2019 | Pg. : 01

बच्चे नहीं आते थे, लोगों को किया जागरूक, भाई की मदद से स्कूल को बनाया स्मार्ट

शिक्षक दिवस आज

संदीप कुमार| बेगूसराय

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचित रश्मिरथी की एक पंक्ति है, नही फूलते कुसुम मात्र राजाओं के उपवन में, अमित वार खिलते वे पुर से दूर कुंज कानन में। शहर से 40 किलोमीटर दूर छौड़ाही प्रखंड के दौलतपुर में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर में आज पहली पीढ़ी के बच्चे अपने कल को सवांरने में लगे हैं। जिस गांव के बच्चे स्कूल नही आते थे वहां एक शिक्षक ने ठान लिया तो आज 364 बच्चे रोज स्कूल आते हैं। इतना ही नहीं जिले के स्कूल आज स्मार्ट हो रहे हैं वहीं उक्त शिक्षक की पहल से उक्त स्कूल डेढ़ वर्ष पहले स्मार्ट हो चुका है। बच्चों के भविष्य निर्माण में स्कूल के एचएम मो. अब्दुल्ला द्रोणाचार्य और चाणक्य दोनों की भूमिका निभा रहे हैं। अपने अनूठे प्रयोग की बदौलत मो. अब्दुल्ला ना सिर्फ ग्रामिणों के चहेते हैं, शिक्षा विभाग ने भी उनकी कर्तव्यनिष्ठता को देखते हुए पिछले महीने श्रेष्ठ पांच शिक्षकों को सम्मानित भी किया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर आज से डेढ़ वर्ष पहले ही स्मार्ट हो चुका था। यहां के एचएच के प्रयास से 08 मार्च 2018 को ही स्मार्ट टीवी और छह कम्प्यूटर लगवा दिया गया था। तब से लगातार बच्चे स्मार्ट शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर नवटोलिया में चेतना सत्र।

मो. अब्दुल्ला

ऐसे शिक्षकों की जरूरत है : डीईओ

जिला शिक्षा पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार झा ने बताया कि आज के दौर में मो. अब्दुल्ला जैसे शिक्षकों की जरूरत है। जो संसाधन के आभाव में आगे बढ़ना जानते हैं।

देवेन्द्र कुमार झा, शिक्षा पदाधिकारी

शिक्षकों की कमी ने स्मार्ट क्लास की परिकल्पना को दिया जन्म

एचएम मो. अब्दुल्ला ने बताया कि इस विद्यालय में हमेशा से शिक्षको की कमी रही है। फिलहाल 364 बच्चों को पढ़ाने के लिए मात्र चार शिक्षक हैं। उन्होनें बताया कि शिक्षकों की कमी के कारण हमेशा पढ़ाई ठीक से नही हो पा रही थी। ऐसे में उन्होनें दुबई में रहने वाले अपने भाई से सम्पर्क किया। जिसकी मदद लेकर उन्होनें पिछले साल ही अपने स्कूल में स्मार्ट क्लास और कम्प्यूटर की शिक्षा शुरू करवाई। जो आजतक निर्बाध रूप से चल रहा है। अब उनके स्कूल में दो-दो स्मार्ट टीवी है। उन्होनें बताया कि अब मोबाइल से टीवी को कनेक्ट कर सभी विषयों की पढ़ाई आसानी से करवाते हैं।

पांच साल पहले नहीं आते थे बच्चे स्कूल

एचएम ने बताया कि यह इलाका काफी पिछड़ा है। आज से पांच साल पहले इस गांव में पढ़ाई का कोई कल्चर ही नही था। इसलिए बच्चे पढ़ने नही आते थे। उन्होनें बताया कि उस समय गांव वाले कहा करते थे, दिन भैर खेत में काम करअ लेतेय त सौ रुपया कमाए लैते, स्कूल जाए क की करतैय। एचएम ने बताया कि लोगों को समझाने में काफी समय लग गया तब जाकर लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजना शुरू किए हैं। आज का परिदृश्य अलग है अब स्कूल में 90 प्रतिशत तक बच्चों की उपस्थिति होती है। जिस बच्चे को कलम पकड़ना नही आता था वो बच्चे अब कम्प्यूटर आसानी से चला लेते हैं।

गांव का ही एक छात्र बच्चों को पढ़ाता है कम्प्यूटर

एमएच मो. अब्दुल्ला ने बताया कि स्कूल में कम्प्यूटर आ जाने के बाद उसे सिखाने वाला कोई नही था। इसलिए उन्होनें गांव के ही एक युवक जिसने बीसीए कर रखा था। उसी को स्कूल में बच्चों को कम्प्यूटर सिखाने के लिए रख लिया। उन्होनें बताया कि इस शिक्षक को वे पेमेंट भी करते हैं इसके लिए ग्रामीणों से सहायता लेते हैं।